# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 14.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिंदुस्तान, जनवार्ता, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 14.09.2025

# डिवाइडरों पर चित्रकारी करा रहा वीडीए

**वाराणसी।** वीडीए ने शनिवार को एक प्रेस नोट जारी किया। इसमें कहा गया है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा शहर के सौन्दर्यीकरण और स्वच्छता की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सड़कों के डिवाइडरों पर गंगा के घाटों की आकर्षक एवं कलात्मक चित्रकारी कराई गई है। इन चित्रों में गंगा घाटों की विविध छवियों को उकेरा गया है, जिससे शहर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक वाराणसी की अद्‌भुत विरासत से रूबरू हो सकेंगे। ब्यूरो

हिन्दुस्तान–दि0 14.09.2025

## चित्रकारी से शहर को मिल रहा नया सौंदर्य

वाराणसी। वीडीए की ओर शहर के सुंदरीकरण और स्वच्छता की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सड़कों के डिवाइडरों पर गंगा के घाटों की आकर्षक एवं कलात्मक चित्रकारी कराई गई है। यह चित्रकारी न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाने का कार्य करेगी, बल्कि वाराणसी की सांस्कृतिक पहचान को भी सड़कों पर जीवंत बनाएगी। इस पहल से एक ओर जहां वाराणसी की सड़कों को आकर्षक रूप मिलेगा, वहीं, पान, गुटखा आदि खाकर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों को हतोत्साहित किया जा सकेगा।

जनवार्ता–दि0 14.09.2025

## डिवाइडरों पर जीवंत हुई काशी की पहचान

### सौंदर्यीकरण और स्वच्छता की वीडीए ने की पहल

वाराणसी (जनवार्ता)। डिवाइडरों पर मंदिरों और शिव की आकृति बनाए जाने का सपा द्वारा विरोध के बाद वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में डिवाइडरों पर गंगा घाटों और बनारस की संगीत विधा की आकर्षक चित्रकारी कराई जा रही है। इस पहल से न केवल सड़कों का सौंदर्य बढ़ेगा बल्कि काशी की सांस्कृतिक पहचान भी जीवंत होगी।

चित्रकारी की सराहना सोशल मीडिया पर हो रही है। वीडीए का मानना है कि इससे पान-गुटखा आदि खाकर गंदगी फैलाने वालों को हतोत्साहित किया जा सकेगा। प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सौंदर्यीकरण का सम्मान करें और स्वच्छ काशी के निर्माण में सहयोग दें। वीडीए का मानना है कि इस पहल से काशी आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक काशी का यह रूप देखकर रोमांचित होंगे और यहां से एक सुन्दर संदेश लेकर जायेंगे।






# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 14.09.2025

## शहर को मिल रहा नया सौंदर्य स्वरूप, गंदगी करने वाले होंगे हतोत्साहित

### सड़कों के डिवाइडरों पर गंगा घाटों व संगीत विधा को किया जा रहा चित्रकारी से प्रदर्शित






वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा शहर के सौन्दर्यीकरण और स्वच्छता की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में सड़कों के डिवाइडरों पर गंगा के घाटों की आकर्षक एवं कलात्मक चित्रकारी कराई गई है। इसके साथ ही बनारस के संगीत विधा को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस कार्य की सोशल मीडिया में खूब सराहना हो रही है। यह चित्रकारी न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाने का कार्य करेगी, बल्कि वाराणसी की सांस्कृतिक पहचान को भी सड़कों पर जीवंत बनाएगी। इन चित्रों में गंगा घाटों की विविध छवियों को उकेरा गया है, जिससे शहर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक वाराणसी की अद्भुत विरासत से रूबरू हो सकेंगे। इस [redacted] पहल से एक ओर जहां वाराणसी की सड़कों को आकर्षक रूप मिलेगा, वहीं दूसरी ओर पान, गुटखा आदि खाकर सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों को हतोत्साहित किया जा सकेगा। स्वच्छ और सुंदर काशी का सपना तभी साकार होगा जब नागरिकगण भी अपनी जिम्मेदारी समझकर इस सौंदर्य को बनाए रखने में सहयोग करेंगे।वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा इस कार्य को 'शहर को सांस्कृतिक रूप से जीवंत और स्वच्छ बनाने की पहल' के रूप में देखा जा रहा है। नागरिक स सौंदर्यीकरण का सम्मान करें तथा गंदगी फैलाने से बचें।